संख्या-18 / **5204/12-3-2013-100(43)/2013**

प्रेषक,

जावेद उस्मानी

मुख्य सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. सम्बन्धित मण्डलायुक्त

उत्तर प्रदेश।

2. सम्बन्धित जिलाधिकारी

उत्तर प्रदेश।

3. कृषि निदेशक**,**

उत्तर प्रदेश, **लखनऊ।**

कृषि अनुभाग**-3** लखनऊ**:** दिनांक **11** दिसम्बर **2013**

विषय**:** कृषि विभाग द्वारा संचालित की जा रही आर**0**के**0**वी**0**वाई योजनान्तर्गत 'पूर्वी उत्तर प्रदेश में हरित क्रान्ति के विस्तार की रणनीतिक योजना **(Bringing Green Revolution to Eastern India)** का लाभ अल्पसंख्यकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अनुमन्य कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

प्रदेश में अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, पारसी एवं जैन) के सर्वांगीण विकास के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। उक्त के दृष्टिगत शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त अल्पसंख्यक वर्ग को प्रदेश की विकास योजनाओं में उनका वाजिब हक दिलाये जाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं में उनकी जनसंख्या के आधार पर 20 **प्रतिशत मात्राकरण अल्पसंख्यकों हेतु किये जाने का निर्णय लिया गया है ताकि प्रदेश में चलने वाली विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों में अल्पसंख्यक समुदाय को सामाजिक न्याय की परिधि में लाते हुए उन्हें न्यायोचित हिस्सा मिल सके तथा उनकी सहभागिता सुनिश्चित हो सके।**

2- **प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अनुमन्य कराये जाने के सम्बन्ध में शासनादेश सं**0-1533/52-3-13-**सा**(30)/13 **दिनांक** 24.08.2013 **निर्गत किया गया है। शासनादेश में चिन्हित कल्याणकारी योजनाओं में कृषि विभाग की** आर**0**के**0**वी**0**वाई योजनान्तर्गत 'पूर्वी उत्तर प्रदेश में हरित क्रान्ति के विस्तार की रणनीतिक योजना **(Bringing Green Revolution to Eastern India) परियोजना भी सम्मिलित है। यह योजना लाभार्थीपरक है।**

3- **शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि दिनांक** 31.07.2013 **तक की भौतिक प्रगति को वार्षिक लक्ष्य से घटाते हुये अवशेष लक्ष्य में से** 20 **प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय हेतु मात्राकरण करते हुए जनपदवार फॉट निर्धारित कर दिया जाये।**

http://srasanadesh.up.nic.in

तद्नुसार योजनान्तर्गत किये गये लक्ष्य की जनपदवार फॉट संलग्नक-क पर है। इसके आधार पर ही जनपदवार लक्ष्य की प्राप्ति की जानी है।

4- योजना में अल्पसंख्यकों हेतु निर्धारित लक्ष्य पूर्ण करने की कार्यवाही की जायेगी। यदि किसी विशेष कारण से लक्ष्य प्राप्ति हेतु अल्पसंख्यक समुदाय के लाभार्थी उपलब्ध नहीं हो पाते हैं तो जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति की संस्तुति तथा मुख्य सचिव के माध्यम से शासन का अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् अल्पसंख्यकों के अवशेष लक्ष्य को अन्य समुदाय के लोगों से पूर्ण कर लिया जायेगा।

5- उपर्युक्त योजना की समीक्षा हेतु निर्धारित प्ररूप की प्रति संलग्नक-ख के रूप में संलग्न है। इस प्ररूप पर प्रत्येक माह की 07 तारीख तक वांछित विवरण/सूचना जनपद के जिलाधिकारी द्वारा मण्डलायुक्त को तथा शासन के सम्बन्धित विभाग को उपलब्ध करायी जायेगी। सम्बन्धित विभाग, परीक्षणोपरान्त प्रत्येक माह की 12 तारीख तक निर्धारित प्ररूप संलग्नक-ग पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को संकलित रूप से विवरण उपलब्ध करायेंगे।

6- योजना से सम्बन्धित शासनादेश सं0-1533/52-2013-सा(30)/2013 दिनांक 24.08.2013 में निर्धारित अन्य शर्तों/प्रक्रिया का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

संलग्नक- यथोक्त।

भवदीय,

(जावेद उस्मानी)
मुख्य सचिव।

संख्या-**5204(1)/12-3-2013-**तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
3. सम्बन्धित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उ0प्र0।

आज्ञा से

(इन्द्रदेव पटेल)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संलग्नक-1

पूर्वी उत्तर प्रदेश में हरित क्रान्ति के विस्तार की रणनीतिक योजना (BGREI) वर्ष 2013-14 में अल्पसंख्यकों हेतु 20 प्रतिशत का मात्राकरण

क्र0सं0	जनपद	Boring (@ ` 7000/boring)		Demo for Line sowing (Proper placement of seed and Fertilizer) (` 400/ha incentive to farmer /Seed drill owner	
		भौतिक लक्ष्य (संख्या में)		भौतिक लक्ष्य (हे0 में)	
		कुल	अल्पसंख्यकों हेतु मात्राकृत लक्ष्य	कुल	अल्पसंख्यकों हेतु मात्राकृत लक्ष्य
1	इलाहाबाद			20020	4004
2	कौशाम्बी			8000	1600
3	प्रतापगढ़	4770	587	17000	3400
4	वाराणसी	2260	678	8000	1600
5	चन्दौली			9000	1800
6	जौनपुर	5880	436	21000	4200
7	मिर्जापुर			12000	2400
8	संतरविदास नगर	1690	515	6000	1200
9	महाराजगंज	3362	704	12000	2400
10	कुशीनगर	3930	725	14000	2800
11	संतकबीर नगर	2526	1028	9000	1800
12	फैजाबाद	3080	624	11000	2200
13	अम्बेडकर नगर	2521	706	9000	1800
कुल योग		**30019**	**6003**	**156020**	**31204**

http://shasanadesh.up.nic.in

संलग्नक-ख

योजना का नाम :

जनपद का नाम :

माह :

प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के भौतिक लक्ष्य का **20** प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए मात्राकृत कराये जाने की योजना की मासिक समीक्षा का निर्धारित प्रारूप						
क्र0सं0	योजना का नाम	अल्पसंख्यकों हेतु मात्राकृत वार्षिक लक्ष्य	इकाई	संदर्भित लक्ष्य के विरूद्ध माह में उपलब्धि	संदर्भित माह तक क्रमिक उपलब्धि	लक्ष्य के विरूद्ध क्रमिक उपलब्धि का प्रतिशत
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**

http://shasanadesh.up.nic.in

संलग्नक-ग

सम्बन्धित विभाग द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को भेजे जाने वाली संकलित सूचना का प्रपत्र

विभाग का नाम :

योजना का नाम :

माह :

प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के भौतिक लक्ष्य का **20** प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए मात्राकृत कराये जाने की योजना की मासिक समीक्षा का निर्धारित प्रारूप						
क्र**0**सं**0**	जनपद का नाम	अल्पसंख्यकों हेतु मात्राकृत वार्षिक लक्ष्य	इकाई	संदर्भित लक्ष्य के विरूद्ध माह में उपलब्धि	संदर्भित माह तक क्रमिक उपलब्धि	लक्ष्य के विरूद्ध क्रमिक उपलब्धि का प्रतिशत
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**
	योग					

http://shasanadesh.up.nic.in